हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 25 सितंबर 2025

[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर| डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

कलेक्टर ने स्वामी विवेकानंद उद्यान का किया निरीक्षण

4



## खबर संक्षेप

### डॉ सिदार बनाए गए विकासखंड चिकित्सा अधिकारी

**मालखरौदा।** सक्ती जिले के कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने 24 सितंबर को आदेश जारी कर मालखरौदा में पदस्थ पूर्व विकासखंड चिकित्सा अधिकारी कृष्ण कुमार सिदार को एक बार फिर मालखरौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी बनाया गया है।

### मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजनाः 25 तक आवेदन

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आदि में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। सत्र 2025-26 के लिए पात्र अभ्यर्थी 25 अक्टूबर तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, जिला सक्ती में निर्धारित तिथि तक पंजीकृत डाक से अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्ते सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कलेक्टोरेट भवन, जिला-सक्ती (छ.ग.) से अथवा जिला सक्ती की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।

### बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना पर जागरूकता कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत समस्त परियोजनाओं में एचआईव्ही, एड्स पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित किशोरियों बालिकाओं एवं महिलाओं को एचआईव्ही, एड्स के बारे में बताते हुए इसके रोकथाम के उपायों को बताया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सहायता पर बात करते हुये बताया गया की यह एक विषाणुजनित रोग है जो कि असुरक्षित यौन संबंध, पीड़ित व्यक्ति से शारीरिक संबंध स्थापित करने, एचआईवी. संक्रमित व्यक्ति पर उपयोग किए गए सर्जिकल इंजेक्शन के पुनः अन्य व्यक्ति पर उपयोग करने से एचआईव्ही, एड्स का संक्रमण होता है तथा संकमित माता-पिता से संतान में इसका संचरण हो सकता है जिस हेतु उपस्थित लाभार्थियों को एचआईव्ही, एड्स को जानने एवं इसके प्रति जागरूक किया गया।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए आवेदन 10 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा) अकलतरा ने विकासखंड अकलतरा के ग्राम करूमहू के शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन के लिए 10 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बाराद्वार।** पुलिस ने 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र मे चल रहें अवैध जुआ व सटटा, अवैध गांजा व शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले आपराधियों पर अकुंश लगाने थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण राजपूत थाना प्रभारी बाराद्वार द्वारा 23 सितंबर को रायपुरा में टीम बनाकर रेड कार्यवाही कर अकतीराम कुर्रे पिता चंदवाराम कुर्रे उम्र 50 साल के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब भरी हुई कीमति 15 सौ रूपये को जप्त किया गया जिसे आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### फिंगरप्रिंट क्लोन से उपस्थिति दर्ज करने की हुई थी शिकायत

# लाइवलीहुड कॉलेज में फर्जी अटेंडेंस सहायक संचालक व लेखापाल बर्खास्त

## जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लाईवलीहुड कालेज में फिंगरप्रिंट क्लोन बनाकर अनुपस्थित छात्र-छात्राओं का बायोमैट्रिक मशीन में उपस्थिति दर्ज करने के बहुचर्चित मामले में कलेक्टर ने सहायक संचालक और लेखपाल को बर्खास्त कर दिया है। दरअसल इस मामले की वीडियो फुटेज के साथ शिकायत हुई थी, जिस पर जांच के उपरांत यह कार्रवाई हुई है।

जिले के लाइवलीहुड कॉलेज मे उपस्थिति को लेकर फर्जीवाड़ा मामले में आखिरकार बड़ा फैसला सामने आ गया है। जिला कौशल विकास प्राधिकरण में पदस्थ सहायक संचालक एवं प्रभारी सहायक परियोजना अधिकारी मयंक शुक्ला और लेखापाल ऋचा अग्रवाल को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बर्खास्त कर दिया है। जांच रिपोर्ट में दोनों संविदाकर्मियों की मिलीभगत से फर्जी उपस्थिति दर्ज करने, झूठी रिपोर्ट बनाने और फर्जी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र जारी करने की पुष्टि हुई है। खास बात यह है कि पिछले दिनों इस मामले को लेकर वीडियो फुटेज के साथ मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री कार्यालय तक शिकायत हुई थी। जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन हरकत में आया और तीन सदस्यीय समिति गठित कर जांच शुरू की गई, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। बताया जाता है कि जांच में पाया गया कि छात्र-छात्राओं की उपस्थिति फिंगर प्रिंट मशीन में क्लोन किए गए अंगूठे से दर्ज की जा रही थी। इधर शिकायत के जांच हेतु जिला स्तरीय जांच दल का गठन उपरांत जांचकर्ता अधिकारियों द्वारा प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। यानी छात्र कॉलेज आए बिना ही उनकी उपस्थिति दर्ज हो जाती थी। इतना ही नहीं, ऐसे छात्रों को प्रशिक्षण पूरा होने के प्रमाण पत्र भी जारी कर दिए गए जो कभी प्रशिक्षण में शामिल ही नहीं हुए थे। इधर शिकायत के जांच हेतु जिला स्तरीय जांच दल का गठन उपरांत जांचकर्ता अधिकारियों द्वारा प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। जांच में उक्त कृत्य की सत्यता प्रमाणित हुई तथा उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नहीं पाये गये एवं आरोप प्रमाणित पाये गये। मयंक शुक्ला सहायक संचालक (संविदा) व श्रीमती रिचा अग्रवाल लेखापाल (संविदा) लाईवलीहुड कॉलेज के विरूद्ध आरोप प्रमाणित होने तथा उनका यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के विरूद्ध होने के कारण उनको एक माह का वेतन भुगतान करते हुए उनकी सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई है।

**खास बातें**

- वीडियो फुटेज के साथ हुई थी शिकायत
- जिला स्तरीय टीम ने की थी पूरे मामले की जांच
- प्रतिवेदन में फर्जी उपस्थिति प्रमाणित होने पर दोनों को दिखाया बाहर का रास्ता




### नौकरी लगाने के नाम पर 3 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** नौकरी लगाने के नाम पर 3 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रुखमणि चौहान द्वारा 19 जनवरी 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 अक्टूबर 2021 को सोशल मीडिया के माध्यम से श्रीकांत उर्फ चंद्रकांत उर्फ गोलू नाम के व्यक्ति से इसका परिचय हुआ जिसने अपने आप को अधिकारी होना और एसईसीएल में अकाउंटेंट पर पदस्थ होना, अपनी मां को ब्यूटी पालर चलाना, तथा अपने बड़े भाई को एसईसीएल में ईई पद पर पदस्थ होना, अपनी भाभी को हाई कोर्ट का वकील, अपनी बहन और छोटा भाई को एम्स दिल्ली में एमबीबीएस का छात्र होना बताया और वन मंडल विभाग निगम में सीधी भर्ती निकलने पर चंद्रकांत चौहान के द्वारा प्रार्थी के भाई को नौकरी लगाने की बात बोलकर विभिन्न खाता के माध्यम से किस्त किस्त में 3 लाख 23 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक अशोक वैष्णव के नेतृत्व कार्यवाही करते हुए आरोपी चंद्रकांत चौहान उर्फ गोलू उम्र 36 वर्ष निवासी बाकीमोंगरा सक्ती चौक थाना बाकीमोंगरा जिला कोरबा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



# टीसीएल कॉलेज के प्राचार्य को जान से मारने की धमकी

## एनएसयूआई कार्यकर्ता पर जुर्म दर्ज




टीसीएल कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के अग्रणी ठा. छेदीलाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर के प्राचार्य के कक्ष में जाकर कार्य में बाधा डालने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। प्राचार्य की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने एनएसयूआई के कार्यकर्ता के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 23 सितंबर को टीसीएल कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर कालोनी भोजपुर चांपा निवासी दुजेराम लहरे अपने कक्ष में कार्य कर रहे थे। तभी आरोपी एनएसयूआई कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार दिनकर जबरन ऑफिस के अंदर आ पहुंचा। उसने आकर कॉलेज की एक छात्रा के ऑनलाइन अंकसूची में हस्ताक्षर करने के बात को लेकर उंगली दिखाते हुए प्राचार्य से हस्ताक्षर करने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। उसके इस बर्ताव पर आपत्ति करने पर आरोपी ने गाली गलौज शुरू कर दी और कक्ष में ही शोर शराबा करते हुए प्राचार्य को देख लेने एवं जान से मारने की धमकी तक दे डाली। प्रार्थी प्राचार्य की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र कुमार के खिलाफ धारा 221, 296, 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए त्वरित विवेचना जांच जांच करवाई की जा रही है।

**दर्ज किए है मामला**

टीसीएल कॉलेज के प्राचार्य ने उनके कक्ष में आकर गाली गलौज करने और धमकाने वाले आरोपी की शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर लिया गया है।

-मणीकांत पाण्डेय
थाना प्रभारी
सिटी कोतवाली

# ग्रामीण फीडर में समग्र शिक्षा का दफ्तर दिन भर गुल रही बिजली, कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शहर से दूर जर्वे गांव की सीमा मे संचालित समग्र शिक्षा विभाग के दप्तर में ग्रामीण फीडर से हो रही बिजली सप्लाई परेशानी का सबब बन गई है। यहां अधिकांश समय बिजली गुल होने से कामकाज प्रभावित होता है। बुधवार को तो पूरे दिन बिजली सप्लाई बंद रही जिसके कारण विभाग का कामकाज ठप रहा। खास बात यह है कि बिजली को शहरी फीडर से जोडने के लिए कई बार आवेदन दिया जा चुका है। लेकिन पहल आज तक नही हो सकी।

ज्ञात हो कि शहर से दुर जर्वे गांव में समग्र शिक्षा कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। वही विभाग में बिजली की सप्लाई ग्रामिण फीडर के माध्यम से की जा रही है। जिसके कारण विभाग मे आए दिन बिजली गुल की समस्या बनी रहती है। कुछ इसी तरह की समस्या बुधवार 24 सितम्बर को भी देखने को मिली। यहां कार्यालय मे दिन भर बिजली गुल के चलते विभागीय कामकाज प्रभावित हुआ। खासबात यह है कि यहां के बिजली सप्लाई शहर के बजाय ग्रामीण फीडर के माध्यम से होती है। जिसके कारण विभाग में कार्यरत कर्मचारियो को काफी परेशानी होती है। इस समस्या को लेकर विद्युत वितरण कंपनी को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। विडंबना यह है ग्राम जर्वे में संचालित समग्र शिक्षा विभाग के ऊपर में संचालित उपपंजीयक सहकारी संस्थाऐ में बिजली की सप्लाई शहरी फीडर के माध्यम से होती है। वही ग्रामीण फीडर से समग्र शिक्षा विभाग की बिजली सेवा संचालित होती है।

इस संबंध में अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी का कहना है कि समग्र शिक्षा कार्यालय में बिजली बंद होने की जानकारी मिलने पर स्टाफ भेजकर सुधार कार्य करवाएं है। शहरी फीडर से जोड़ने के बारे में जानकारी ली जा रही है।




### नाबालिग के साथ अनाचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बाराद्वार।** नाबालिक बालिका के साथ अनाचार करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में अकलतरा पुलिस से जानकारी मिली कि पीड़िता की जान पहचान सोशल मीडिया स्टाग्राम के माध्यम से आरोपी हिमांशु रात्रे निवासी खपरीडीह के साथ हुई थी। जान पहचान होने का फायदा उठाकर आरोपी के द्वारा पीडिता को अपने बहकावे मे लेकर उनके साथ अनाचार किया था एवं वीडियो भी बना लिया था। कुछ समय बाद युवती के द्वारा मिलने से मना करने पर हिमांशु रात्रे के द्वारावीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लेकमेल करते हुए भी अनाचार किये जाने पर। पीड़िता के द्वारा हिमांशु रात्रि के विरुद्ध सूचना रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर थाना अकलतरा में धारा 64(2)एम,296, 115(2), 351 (2) बीएनएस, 4,6 पाक्को एक्ट का अपराध पंजीवध्द कर विवेचना में लिया गया है । घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा एएसपी उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में आरोपी हिमांशु रात्रे को पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।


लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी

• बी एससी नर्सिंग*
• डी फार्मेसी*

प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाऐं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल

मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग

सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर

91318 80895, 97706 60186, 70241 25200



ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई

ITI AKALTARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)

मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)

89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### सांस्कृतिक महोत्सव में सपना चौधरी का कार्यक्रम 12 को



**कोरबा।** लोकप्रिय हरियाणवी लोकनृत्य व मंच की कलाकार सपना चौधरी 12 अक्टूबर की शाम को कोरबा के मीरा रिजॉर्ट उरगा में अपनी प्रस्तुती देंगी। कार्यक्रम पराकष्ठा एनजीओ के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है, जो स्थानीय सामाजिक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाता आया है। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 7:30 बजे से होगी और देर रात तक सांस्कृतिक माहौल को जीवंत बनाए रखेगी। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, विकास महतो पूर्व प्रदेश मंत्री, पवन अग्रवाल, केदार नाथ अग्रवाल, दिनेश मोदी डायरेक्टर, पाम मॉल मंचस्थ रहेंगे। कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्लैटिनम, गोल्डन पास जारी किए गए हैं। आयोजन समिति ने बताया कि सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय होंगी ताकि दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### ग्राम पंचायत कनकी में किया गया पौधरोपण



**मड़वारानी।** एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम आज सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम ग्राम पंचायत कनकी में एक पेड़ माँ के नाम पौधा रोपण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सभापति वन समिति कोरबा जिला पंचायत सदस्य श्रीमति सावित्री अजय कंवर एवं ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती फुल बाई मांझी, शांतिलाल मंझवार, पंच रामेश्वर, सूरज, बजरंग पटेल, धर्मेंद्र, वन परीक्षेत्र अधिकारी रघुनाथ राठिया, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी बीके शुक्ला, गार्ड हरी बंजारे, कपील कंवर, चंद्रशेखर कंवर, पीतांबर कंवर, विजेंद्र नेटी, वैद राज बिंझवार, सचिव लक्ष्मी राजपूत एवं ग्राम पंचायत के पंच सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थिति थे।

### आजीवन सदस्यता के लिए जारी किया गया क्यू आर कोड

**कोरबा।** जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष योगेश जैन ने आजीवन सदस्यता के लिए क्यू आर कोड जारी किया है। उन्होंने आग्रह किया है कि व्यापारी बंधु आजीवन सदस्यता के लिए 3 हजार रुपये की राशि क्यू आर कोड में डालकर स्क्रीन शॉट शेयर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवश्यक दस्तावेज जीएसटी सर्टिफिकेट (यदि उपलब्ध हो तो) यदि जीएसटी नहीं है, तो आधार कार्ड और फर्म का नाम देना होगा। जैन ने बताया कि सदस्यता शुल्क जमा होने के बाद चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा बाकी काम संभाल लिया जाएगा।

### मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड में नवरात्रि के प्रथम दिन हुई प्राण प्रतिष्ठा

**हरदीबाजार।** मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के द्वारा बस स्टैंड हरदीबाजार में लगातार 17 वर्षों से दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा किया जा रहा है। नवरात्र के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना करते हुए प्राण प्रतिष्ठा की गई। नवरात्रि के 9 दिन तक समिति के द्वारा अलग-अलग दिन अलग-अलग कार्यक्रम रंगोली प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, आर्केस्ट्रा, जस जागरण, झांकी, जादूगर आदि कार्यक्रम कराया जाता है बस स्टैंड हरदी बाजार का यह दुर्गा पूजा आसपास के क्षेत्र में बहुत ही प्रसिद्ध व आकर्षण का केंद्र रहता है। यहां पूजा आरती मांदर की थाप से विशेष प्रकार से की जाती है।मां दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा हरदी बाजार व आसपास के क्षेत्र से श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए अपील की गई है।

जाँजगीर मार्केट
फ्री फ्री फ्री 66% छूट
COBB कॉब रेडिमेड कपड़ा शो-रूम
1 कपड़ा खरीदने पर 2 कपड़ा फ्री
आदित्य प्लाईं एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल अधिनियम हुआ लागू

# बच्चों को पोषण आहार देने के पहले कार्यकर्ताओं को करना होगा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आंगनबाड़ी केंद्र के नौनिहालों को मिड डे मिल के रुप में एवं पैकिंग खाद्य सामग्री के साथ किए जाने वाले पौष्टिक आहार को वितरण से पहले कार्यकर्ता व सहायिकाओं को स्वयं खाकर टेस्ट करना होगा और उस टेस्ट के साथ उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज करना होगा तथा ऑनलाइन फोटोग्राफी करनी होगी।

**खास बात**
- सभी केंद्रों में मिड डे मिल और पैकिंग में दिए जाते हैं पोषण आहार


फाइल फोटो

आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों की उपस्थिति रहती है और ऐसे में उन्हें स्वस्थ्य और स्वच्छ पौष्टिक आहार नियम के तहत वितरित किए जाते हैं लेकिन अब राष्ट्रीय खाद्य प्रोटाकॉल के तहत अब किसी भी बच्चे को पौष्टिक पोषण आहार बिना टेस्ट किये नहीं दिए जा सकेंगे। कार्यकर्ता और सहायिकाओं को इस बात के निर्देश दिए गए हैं कि पौष्टिक पूरक पोषण आहार के वितरण के पहले स्वयं खाकर इसका टेस्ट करें और फिर टेस्ट के विवरण को रजिस्टर में एंट्री करें साथ ही पौष्टिक आहार वितरण की वीडियो बनाकर उसे अपलोड भी करना होगा। महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से चलने वाले सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की परियोजना अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है कि वह खुद केंद्रों में पहुंचकर इसकी मॉनिटरिंग करें और प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट अपडेट करें। इसके अलावा जिन स्थानों में मध्यान्ह भोजन तैयार किया जाता है वहां की भी फोटोग्राफी के निर्देश दिऐ गए हैं। खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत अब कार्यकर्ताओं को बच्चों की सुरक्षा को लेकर ज्यादा गंभीर होना होगा।

**प्रायमरी स्कूल के परिसर में चलते हैं आंगनबाड़ी केंद्र**

इस वर्ष से बालवाड़ी योजना भी लागू है, यह योजना उन आंगनबाड़ी केंद्रों में लागू है जो प्रायमरी और मिडिल स्कूल के परिसर में ही संचालित है। इन केंद्रों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले वही समूह है जो मिडिल और प्रायमरी स्कूल में बनाते हैं। इस स्थिति में मध्यान्ह भोजन का सैंपल लेने वाले अधिकारियों की टीम अगर प्रायमरी और मिडिल स्कूल का दौरा करती है तो उसे बालवाड़ी योजना अंतर्गत प्रायमरी और मिडिल स्कूल के कैंपस में चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों के पूरक पौष्टिक आहार का भी सैंपल लेना होगा। किंतु अब तक विभागीय अधिकारियों की टीम ने कहीं का भी दौरा नहीं किया है।

**स्कूलों में अभी भी शुरु नहीं हुआ सैंपल लेने का काम**

नए शिक्षण सत्र शुरु होने के पहले प्रायमरी और मिडिल स्कूल में बनने वाले मध्यान्ह भोजन के सेंपल लेने के लिए खाद्य औषधी सुरक्षा विभाग व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की टीम बनाई गई थी। अप्रैल माह में बनी इस टीम ने शहर के चुनिंदा स्कूलों तक ही पहुंचकर इस काम को अंजाम दिया और उसके बाद आज शिक्षण सत्र को शुरु हुए लगभग 4 माह का समय बीत चुका है। विभागीय अधिकारियों की टीम मध्यान्ह भोजन की पौष्टिकता की जांच को लेकर अब तक शहर और ग्रामीण अंचल के किसी भी स्कूल का निरीक्षण नहीं किया है।

## कोरबा से डोंगरगढ़ के लिए शुरु होगी पूजा स्पेशल ट्रेन, रेलवे ने जारी की समयसारणी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पूजा स्पेशल ट्रेन की लगातार सौगात दे रहा है। इसी कड़ी में कोरबा से ईतवारी तक स्पेशल पूजा ट्रेन चलायी जा रही है। जिससे कोरबा के यात्रियों को डोंगरगढ़ तक जाने के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा मिल जाएगी जो अब तक नहीं थी। रेलवे ने इसके लिए समय सारणी जारी कर दी है। कोरबा से 25 सितंबर से यह ट्रेन रवाना होगी। इसके स्टॉपेज भी तय कर दिये हैं।

**खास बातें**
- कोरबा से ईतवारी तक चलने वाली ट्रेन का स्टॉपेज होगा डोंगरगढ़
- 18 फेरों के लिए 3 अक्टूबर तक चलेगी यह मेमू गाड़ी

कोरबा से अब तक डोगरगढ़ के लिए कोई सीधी ट्रेन की व्यवस्था नहीं होने से दर्शानार्थियों को अन्य ट्रेनों का सहारा लेना पड़ता था। स्थानीय रेल संघर्ष समिति ने पूजा स्पेशल ट्रेन कोरबा से चलाने की मांग रेलवे प्रबंधन से की थी। इस ट्रेन के लिए रेलवे प्रबंधन ने मंजूरी दे दी है। कोरबा से ईतवारी तक चलने वाली ट्रेन डोंगरगढ़ होते हुए जाएगी। जिससे यात्रियों को डोंगरगढ़ जाने की सुविधा मिलेगी। दीपावली व छठ पर्व के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-जयनगर- नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) के मध्य 08 फेरे के लिये फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है।

# घंटाघर में रंगारंग रामलीला व दशहरा उत्सव का लगेगा मेला : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इतिहास में प्रथम बार नगर पालिक निगम द्वारा भव्य रामलीला एवं दशहरा मेला का आयोजन करने जा रहा है, यह आयोजन 28 सितम्बर से प्रारंभ होगा तथा 2 अक्टूबर दशहरा के दिन आयोजन पूर्ण होगा। घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान में उक्त सम्पूर्ण आयोजन किया जायेगा, जो प्रतिदिन सायं 7 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक संचालित होगा।

**खास बातें**
- तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान उद्योग मंत्री व महापौर ने दी जानकारी
- 28 सितंबर से प्रतिदिन शाम 7.30 से 10.30 बजे तक चलेगा रामलीला



पत्रकारवार्ता में उपस्थित उद्योग मंत्री, महापौर, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं अन्य।

तिलक भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर संजू देवी राजपूत ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि काफी लम्बे संघर्ष के बाद भगवान श्री राम की जन्मभूमि पावन नगरी आयोध्याधाम में श्री राम मंदिर का निर्माण हो पाया तथा हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में सम्पन्न हुई। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा प्रदेश के लोगो को भगवान श्री रामलला जी का दर्शन लाभ प्राप्त कराने श्री रामलला दर्शन योजना लागू की गई है, जिसके तहत प्रदेश के हजारो नागरिक आयोध्या घाम पहुंचकर प्रभु श्री रामलला जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो चुके है। नागरिको के आयोध्याधाम तक जाने वापस आने, ठहरने, खाने-पीने व अन्य सभी व्यय का वहन राज्य सरकार स्वयं कर रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जीवन लीला तथा उनके द्वारा समाज के समक्ष स्थापित किये गये आदर्श सबसे बहुमूल्य धरोहर है, हमारी भारतीय संस्कृति में इन आदर्शों का स्थान सर्वोपरि है, भगवान श्री राम के द्वारा स्थापित किये गये आदर्श सर्वकालिन एवं सार्वभौमिक है, जो समय एवं काल से परे है तथा उनकी प्रासांगिकता युगो-युगो तक बनी रहेगी। हमारी नई पीढ़ी को भगवान श्री राम की जीवन लीला से परिचय प्राप्त हो, उनके द्वारा स्थापित आदर्शों की सम्यक जानकारी उन तक पहुंचे, वे इस तत्थ से अवगत रहे कि धर्म के सामने अधर्म को हारना ही पड़ता है, अधर्म पर सदैव ही धर्म की विजय होती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण भगवान श्री राम की जीवन लीला है जिसे हम श्री रामलीला के स्वरूप में जानते आए है। इसी उद्देश्य को लेकर श्री रामलीला व दशहरा मेला का अयोजन नगर निगम कोरबा करने जा रहा है। महापौर ने जिलेवासियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है। पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद अशोक चावलानी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## रेलवे एवं यात्री सुरक्षा के लिए किया गया मॉक ड्रिल



**कोरबा।** रेलवे स्टेशनों, यात्री गाडियों एवं प्लेटफार्मो में यात्री सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम बावत रेलवे सुरक्षा बल द्वारा लगातार यात्रियों को जागरूक एवं संवेदित करने हेतु कार्यवाही की जा रही है इस कड़ी में मंगलवार को समय 11.15 बजे से 12.15 बजे तक कोरबा रेलवे स्टेशन में रेलवे सुरक्षा बल तथा स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से माक ड्रील की गई जिसमें यात्रियों को रेलवे स्टेशन में किसी प्रकार के लावारिस अथवा संदिग्ध वस्तु मिलने पर क्या करना है क्या नहीं करना है के संबंध में जानकारी दी गई। माक ड्रील में सीएसपी भूषण एक्का की उपस्थिति में स्थानीय पुलिस के कुल 17 अधिकारी एवं स्टाफ डॉग स्क्वाड, बीडीडीएस टीम एवं आरपीएफ से 13 अधिकारी एवं स्टाफ शामिल रहे।

# तालाब में कपड़ा व्यवसायी का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


पानी में तैरता व्यवसायी का शव।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राधासागर तालाब में सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले कपड़ा व्यापारी जुगल किशोर अग्रवाल 45 वर्ष का शव तालाब में तैरता हुआ मिला। स्थानीय बच्चों ने तालाब में तैरते जुगल किशोर अग्रवाल को देखा तो उन्होंने उसे बाहर निकाला। जब तक जुगल किशोर अग्रवाल को बाहर निकाला गया तब तक जुगल किशोर अग्रवाल की मौत हो चुकी थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि जुगल किशोर अग्रवाल मॉर्निंग वॉक के दौरान तालाब के पास हाथ-पैर धोने गया होगा और फिसलकर तालाब में गिर गया होगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के परिजनों को सूचित किया गया। जुगल किशोर अग्रवाल अंबिकापुर-कटघोरा मुख्य मार्ग पर जुगल क्लॉथ स्टोर नाम से दुकान चलाता था और क्षेत्र के जाने-माने व्यापारी माना जाता था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

### जहर खाने से युवक की गई जान

**कोरबा।** एक 30 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों से घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया था। जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामला श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिरहुट की है। यहां निवासरत मुन्ना विश्वकर्मा 30 वर्ष पिता राम प्रसाद ने 12 सितंबर को अज्ञात चरणों से चलते अपने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब मुन्ना विश्वकर्मा की तबीयत बिगड़ने लगी तब परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था ।

## साहू ने किया 57 बार रक्तदान



**कोरबा।** जिले के लोक अभियोजक राजेंद्र साहू ने पिछले कुछ सालों से लगातार रक्तदान करते आ रहे हैं। वह अब तक 57 बार रक्तदान कर चुके हैं और बहुत से लोगों को रक्त मुहैया करवाया चुके हैं। वह लगातार बीमार और पीड़ित बच्चों, प्रेग्नेंट महिलाओं और जरूरत मंद के लिए रक्त उपलब्ध करने हेतु कार्य कर रहे हैं। बातचीत के दौरान राजेन्द्र साहू बताते हैं कि कुछ सालों पहले एक रक्त के अभाव में तड़पती महिला के लिए पहली बार रक्दान किया था। इसके बाद से ही कारवां चलता गया। अब तक 57 बार रक्दान कर चुका हूँ साथ ही दूसरे लोगों को रक्तदान के प्रति जागरुक करने का प्रयास कर रहा हूँ। इस अवसर पर अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक कृष्ण कुमार द्विवेदी, मोहन सोनी विशेष लोक अभिभाषक, सुनील कुमार सोनवानी विशेष लोक अभियोजक और साथीगण उपस्थित रहे।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./-/अ-2/2024-25
ग्राम-छोटे सीपत, तहसील-मालखरौदा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भानुप्रताप पिता श्री मुलाराम, जाति-सतनामी निवासी ग्राम छोटे सीपत, तहसील मालखरौदा, जिला-सक्ती (छ.ग.) के द्वारा अपने हक स्वामित्व की ग्राम छोटे सीपत, तहसील-मालखरौदा में स्थित भूमि खसरा नंबर 860/5 रकबा 0.0280 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराये जाने के लिए खसरा, नक्शा, बी-1, ऋण पुस्तिका, मिसल एवं अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 30/09/25 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 15/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील एवं पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा, जिला-सक्ती (छ.ग.)

**न्यायालय: चतुर्थ जिला न्यायाधीश, जांजगीर, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी: सर्व विजय अग्रवाल)

प्रोसेस क्रमांक 520/2025
वि.सि.वाद.क्र.-31/2025
पेशी तिथि- 14/10/2025

**ईश्तहार**

गोविंदराम (मृत) मेवालाल.............. .अपीलार्थी
विरुद्ध
बहादूर (मृत) संतोष कुमार एवं अन्य....उत्तरवादीगण

अपीलार्थी मेवालाल के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष वि.सि.वाद.क्र.-31/2025 प्रस्तुत किया गया है, जिसमें उत्तरवादी क्रमांक-1 के विधिक वारिसान 1 क- संतोष कुमार साहू पिता स्व. बहादूर साहू, जाति-साहू, (1 ख) सनद कुमार साहू पिता स्व. बहादूर साहू, जाति-साहू, (1 घ)-झुल बाई साहू पिता स्व. बहादूर साहू, जाति-साहू, (1 च) श्रीमती गायत्री बाई साहू पिता स्व. बहादूर साहू, जाति- साहू एवं (1 छ)-श्रीमती रुखमणी साहू पति- स्व. बहादूर साहू, जाति-साहू, सभी साकिनान- चोरिया, तहसील-चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में दिनांक-14/10/2025 को दिन के 10:30 बजे उक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखने हेतु स्वयं उपस्थित रहें या ऐसे अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं जिन्हें सम्यक अनुदेश दिया गया हों और जो इस प्रकरण में आपका पक्ष सम्यक रूप से रख सके जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त तिथि को उपसंजात (हाजिर) नहीं होगें तो उक्त प्रकरण में आपके गैर हाजिरी में सुनवाई किया जावेगा। यदि किसी कारण उपरोक्त सुनवाई तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता तो आगामी कार्य पर प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा। यदि किसी कारणवश दिनांक-14/10/2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी। आज दिनांक-23/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

स्थान- जांजगीर। दिनांक- 23/09/2025
(सर्व विजय अग्रवाल) चतुर्थ जिला न्यायाधीश जांजगीर जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन MBBS, MS, MCh, DrNB Urology Mumbai Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# मस्ती 4 में इस बार होगा विवेक-रितेश आफताब के साथ चार गुना धमाका

**मुंबई।** 'मस्ती 4' के निर्माताओं ने मंगलवार को बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म का टीजर रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस बार पहले से भी ज्यादा पागलपन, मस्ती और दोस्ती देखने को मिलेगी। पोस्ट के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'पहले की थी मस्ती, फिर हुई ग्रैंड मस्ती, फिर ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अब होगी मस्ती 4। इस बार चार गुना शैतानी, 4x दोस्ती और 4x कॉमेडी धमाका। अब केवल आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 21 नवंबर को रिलीज हो रही है।' 'मस्ती' पहली बार 2004 में रिलीज हुई थी। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी इस कॉमेडी फिल्म में अजय देवगन, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, अमृता राव, तारा शर्मा और जेनेलिया ने अभिनय किया था।

## लाइफ Style

# दीपिका
## 9 साल बाद विन संग करेंगी हॉलीवुड फिल्म


एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऐसा लग रहा है कि दीपिका पादुकोण के 'कल्कि 2898 एडी 2' से बाहर होते ही जैकपॉट हाथ लगा है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका को हॉलीवुड फिल्म मिलने की खबर है। माना जा रहा है कि दीपिका की ये अगली हॉलीवुड फिल्म विन डीज़ल के साथ हो सकती है।

हाल ही में खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण की बढ़ती डिमांड के चलते उन्हें प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' से संदीप रेड्डी वांगा ने बाहर कर दिया था। इस खबर ने हर सुनने वालों को काफी हैरान किया था। अब पिछले दिनों दीपिका के 'कल्कि 2898 एडी' से बाहर होने की खबर ने भी सबको हक्का-बक्का कर दिया। ये खबर प्रोडक्शन हाउस ने खुद शेयर की थी। अब कहा जा रहा है कि इन फिल्मों से आउट हो चुकीं दीपिका को बड़ी हॉलीवुड फिल्म हाथ लगी है। माना जा रहा है कि दीपिका हॉलीवुड में करीब 9 साल बाद वापसी करने जा रही हैं। चर्चा है कि वो विन डीज़ल के साथ 'एक्सएक्सएक्स' फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म कर सकती हैं। दरअसल, हॉलीवुड स्टार विन डीज़ल ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसे देखकर फैन्स मान रहे हैं कि इसमें दीपिका होंगीं। विन डिज़ल ने इस पोस्ट में एक्सएक्सएक्स के नए पार्ट का जिक्र किया। इसी के साथ ऐसा इशारा है कि इस बार फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो सकती है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है, 'शेयर करने के लिए बहुत कुछ है,ऐसी आइकॉनिक कहानियां जो किसी गहरे एहसास से जुड़ी हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# जिमी किमेल कर रहे वापसी

**लॉस एंजिल्स।** बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी चार्ली किर्क की मौत के बाद चर्चित कॉमेडियन जिमी किमेल लाइव शो को अचानक बंद कर दिया गया था। हालांकि, ये फैसला एबीसी नेटवर्क ने लिया था, क्योंकि जिमी किमेल ने चार्ली किर्क के संदिग्ध हत्यारे को लेकर विवादित बयान दिया था। इस खबर ने सभी को हैरान कर दिया था। अब मनोरंजन जगत से एक बड़ी खबर आई कि जिमी का शो फिर से शुरू हो रहा है और वो वापसी कर रहे हैं।



# मौन साधना के लिए आना चाहती हैं भारत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेनिफर एनिस्टन ने एक खास बातचीत में बताया कि वो चाहती हैं कि उनकी अगली भारत यात्रा आध्यात्मिकता पर फोकस हो। वो भारत में एक मौन साधना में भाग लेना चाहती हैं। साथ ही मेडिटेशन के एक्सपीरियंस की भी इच्छा जताई है। दुनियाभर में पॉपुलर सीरीज 'फ्रेंड्स' में रेचल ग्रीन का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन चर्चा में हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि वो इस बार स्प्रिचुअल एक्सपीरियंस के लिए भारत आना चाहती हैं। भारत में उनकी अगली जर्नी मेडिटेशन और मौन साधना को लेकर हो सकती है। जेनिफर एनिस्टन ने ये सारी बात, साथी कलाकार रीज विदरस्पून के साथ भारत से जुड़े अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए की। जेनिफर और रीज एक बार फिर 'द मॉर्निंग शो' के चौथे सीजन में लीड रोल में नजर आ रही हैं।



# रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज के साथ आई नजर


**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु काफी वक्त से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु के साथ रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने अपने रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा है। हाल ही में सामंथा को मुंबई के बांद्रा में मौजूद एक जिम में देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड राज निदिमोरु पहले निकलते हुए दिखाई दिए। कुछ देर बाद अभिनेत्री बाहर निकलती हुई दिखाई दीं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभिनेत्री का नाम निर्देशक राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। सामंथा ने उनके साथ कई फिल्मों में काम किया है। हाल ही में सामंथा ने दुबई से एक तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में उन्होंने एक शख्स का हाथ पकड़ा था।



# एआई से तैयार वीडियो पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' को मिल रही प्रशंसा से उत्साहित हैं। इस बीच अब अभिनेता ने एआई से बनाई गई उनकी एक वीडियो पर नाराजगी जताई है। साथ ही इसको लेकर स्पष्टीकरण जारी करते हुए इस तरह की खबरों का खंडन करने की बात कही है। दरअसल, एक वीडियो में अक्षय को महर्षि वाल्मीकि की भूमिका में दिखाया गया है। अब अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इन दावों का खंडन किया और इस तरह की छेड़छाड़ की गई सामग्री के तेजी से फैलते प्रसार पर चिंता व्यक्त की। अक्षय ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने लिखा, मुझे हाल ही में एक फिल्म के ट्रेलर के कुछ एआई-जनरेटेड वीडियो मिले हैं।

## टीवी मसाला



# तान्या बनीं रानी तो अमाल ने खिलाया अपने हाथों से खाना

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने धमाकेदार एपिसोड और कंटेस्टेंट्स की शानदार लाइन-अप से दर्शकों का दिल जीत रहा है। नया एपिसोड भी कुछ अलग नहीं रहा, क्योंकि इसमें कई मजेदार पल दिखाए गए। सबसे बड़ी चीजों में से एक, जिसने सबका ध्यान खींचा, वह था जब अमाल मलिक ने अवेज दरबार पर नकली फॉलोअर्स होने का आरोप लगाया। इसके बाद काफी कहा सुनी हुई। अब नए एपिसोड का प्रोमो भी आ गया है। साथी घरवालों के साथ बातचीत में, अमाल ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अवेज के असली फॉलोअर्स हैं। मुझे लगता है कि 30 मिलियन में से 25 मिलियन फेक हैं क्योंकि मैंने देखा है कि उनका ट्रैक्शन कितना ज्यादा है। मैं उन्हें अपने गानों के प्रचार के लिए पैसे देता हूं और इसीलिए वह अब तक मुझसे नहीं लड़ रहे थे और अगर वह असली मर्द हैं, तो मेरे गानों का इस्तेमाल नहीं करेंगे।' इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है। शो के नए प्रोमो में तान्या मित्तल और अमाल मलिक घर के राजा-रानी बने हैं और शहबाज उन्हें पंखा हिलाकर हवा दे रहे हैं। जीशान ने भी तान्या को पानी पिलाया। प्रोमो में शहबाज तान्या को खाने की प्लेट दे रहे हैं। अमाल आकर अपने हाथों से खाना खिलाते हैं। शहबाज खड़े होकर पंखा हिलाते हैं। जीशान आकर उन्हें पानी पिलाते हैं। उन्हें शहबाज महाराजा के पिता कहते हैं। दूसरे प्रोमो में प्रणित अलग ही मूड में नजर आ रहे हैं। उनकी अमाल से लड़ाई हो जाती है।

## जया के सवाल से बिग बी की बोलती हो गई थी बंद

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 17वां सीजन भी दर्शकों का दिल जीत रहा है। हाल ही में सामने आए एक प्रोमो में लेटेस्ट एपिसोड की कुछ झलकियां नजर आ रही हैं। इनमें बिग बी ने बताया कि कैसे शो में जया के आते ही उनकी बोलती बंद हो गई थी। प्रोमो में शो में बतौर कंटेस्टेंट पल्लवी हॉट सीट पर नजर आ रही हैं। बिग बी से उन्होंने अपनी बेटियों को बुलाने की बात कही. पल्लवी की बेटियां से अमिताभ ने बात भी। इस दौरान बिग बी पल्लवी की छोटी बेटी के ट्रेडिशनल आउटफिट और मोगरे के गजरे को देखकर खुश हो जाते हैं और बताते हैं कि उनकी पत्नी जया को भी गजरा पहनना बहुत पसंद है। शो के दौरान पल्लवी कहती हैं कि जब आप सामने होते हो तो हर कंटेस्टेंट्स अपने जवाब भूल जाता है और वह सही जवाब नहीं दे पाता। ये सुनते ही अमिताभ जया से जुड़ा किस्सा शेयर करते हैं और कहते हैं कि जो लोग शो देखते हैं, उन्हें पता है कि एक बार जया बच्चन होस्ट बनी थी और मैं कंटेस्टेंट उस वक्त मेरी भी हालत बहुत खराब हो गई थी।



# इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखता है सांकेतिक भाषा का महत्व

***नई दिल्ली।** भाषा केवल शब्दों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संकेत भी उतने ही शक्तिशाली माध्यम हैं। यह उन लोगों के लिए वरदान है, जो सुनने-बोलने में सक्षम नहीं होते हैं। सिनेमाई दुनिया में ऐसी फिल्में बनी हैं, जिनमें इन संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है।*

**कोशिश** : गुलजार के निर्देशन में साल 1972 में एक फिल्म आई 'कोशिश'। इस फिल्म में संजीव कुमार और जया भादुड़ी मुख्य भूमिका में थे। यह फिल्म एक मूक-बधिर जोड़े के संघर्षों पर आधारित है, जिसमें दिखाया जाता है कि वो संकेतों के जरिए बात करके अपना जीवनयापन करते हैं। यह फिल्म थी, जिसने शारीरिक विकलांगता को पर्दे पर दिखाने का काम किया था।

**खामोशी-द म्यूजिकल** : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में साल 1996 में 'खामोशी द म्यूजिकल' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, मनीषा कोइराला, नाना पाटेकर जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी में एक बधिर दंपती जोसेफ और फ्लेवी ब्रगेंजा हैं। उनकी एक बच्ची है एनी, जो नॉर्मल है। इस फिल्म में भी सांकेतिक भाषा का प्रयोग दिखता है।



**इकबाल** : नागेश कुकनूर द्वारा निर्देशित फिल्म इकबाल साल 2005 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक क्रिकेट खेलने वाले मूक-बधिर इकबाल की है, जिसके संघर्ष और जुनून की कहानी को दिखाया गया है। इसमें श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म को दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके है।

**बर्फी** : रणबीर कपूर और प्रियंका चोपड़ा अभिनीत 'बर्फी' 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में बर्फी नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है, जो मूक और बधिर है। एक दिन उसे श्रुति नाम की लड़की से प्यार हो जाता है। इसके बाद दोनों सांकेतिक भाषा में बात करते हैं और दोनों के बीच में प्यार गहरा हो जाता है। यह फिल्म दर्शकों को लुभाने का काम करती है।

# अधीरा में आमने-सामने होंगे कल्याण और सूर्या

***मुंबई।** शरण कोप्पिसेट्टी के निर्देशन में बन रही अपकमिंग तेलुगु फिल्म 'अधीरा' के निर्माताओं ने इसका पहला लुक जारी किया है। इसमें कल्याण दसारी और एसजे सूर्या को दिखाया गया है। पहला पोस्टर दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। यह फिल्म आरकेडी स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। इसे आरके दुग्गल ने प्रस्तुत किया है और रिवाज रमेश दुग्गल इसके निर्माता हैं। पोस्टर में एक विशाल ज्वालामुखी फटता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे आसमान में आग फैल रही है। इस अफरा-तफरी के बीच एसजे सूर्या बदले हुए नजर आ रहे हैं। उनके आदिवासी कवच उन्हें बैल जैसे सींगों वाले एक राक्षस जैसा दिखा रहे हैं। उनके सामने कल्याण दसारी निडरता से घुटनों के बल बैठे हैं। उनकी आंखें खौफनाक लग रही हैं। उन्होंने खास तरह का वैज्ञानिक सूट पहना है। यह फिल्म कल्याण दसारी के अभिनय कॅरियर की शुरुआत है। उन्होंने अपकमिंग फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' का निर्माण किया है। '*



## मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल हो जाता है खुश

# वो कर्णप्रिय धुन, जिस पर पांच संगीतकारों ने बनाए ये गाने

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड सॉन्ग दिल को सुकून देते हैं। आप कितने भी तनाव में हों, अगर कोई मनपसंद सॉन्ग सुनने को मिल जाए तो दिल खुश हो जाता है। टेंशन छू मंतर हो जाता है। वैसे तो हर फिल्म के गाने और उनकी धुन अलग होती है, लेकिन बॉलीवुड में एक धुन ऐसी है, जिस पर 10 गाने बने। इन गानों को लोगों ने बहुत पसंद किया। इन गानों को आपने जरूर सुना होगा।*

### ठंडी हवाएं, लहराके आएं

1951 में आई फिल्म नौजवान संगीतकार एसडी बर्मन ने म्यूजिक दिया था। इस फिल्म की एक धुन पर 11 गाने बनाए गए। गाने के बोल थे : 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं..'. गाने के आवाज दी थी लता मंगेशकर ने। फिल्म का डायरेक्शन महेश कौल ने किया था। फिल्म में प्रेमनाथ, नलिनी जयवंत, यशोधरा काटजू, कमल मेहरा, जेब कुरैशी, एसएन बनर्जी नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक एसडी बर्मन ने दिया था। गीतकार साहिर लुधियानवी थे। इस धुन से प्रेरित होकर दूसरे संगीतकारों ने भी गाने बनाए। फिर चाहे वो संगीतकार रोशन हों या राम लक्ष्मण, या मदन मोह. एसडी बर्मन के बेटे आरडी बर्मन ने तो चार बार इस धुन का इस्तेमाल अलग-अलग फिल्मों में किया।. इसका खुलासा भी आरडी बर्मन ने ही अपने एक इंटरव्यू में किया था।




### नगमा हमारा गाएगा ये जमाना

पांचवीं बार यही धुन 1976 में आई फिल्म 'बंडलबाज' में सुनने को मिली थी। गाने को आवाज रफी-लता ने दी थी। गीत के बोल थे : नगमा हमारा गाएगा ये जमाना। फिल्म के डायरेक्टर शम्मी कपूर थे। म्यूजिक आरडी बर्मन ने दिया था। एक तरह से आरडी बर्मन ने अपने पिता की धुन में थोड़ा बहुत बदलाव करके नया गाना बना दिया। राजेश खन्ना, शम्मी कपूर और सुलक्षणा पंडित फिल्म में नजर आए थे। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उतनी सफल नहीं रही थी।

### रहें ना रहें हम महका करेंगे बनके कली...

1966 में संगीतकार रोशन ने एक फिर से इस धुन का इस्तेमाल अपनी एक और फिल्म में किया। फिल्म थी : ममता. गाने के बोल थे : 'रहें ना रहें हम, महका करेंगे, बनके कली...' । असित सेन ने फिल्म को डायरेक्ट किया था। सुचित्रा सेन, धर्मेंद्र और अशोक कुमार इस फिल्म में अहम भूमिकाओं में थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत सफल रही थी। यह गाना फिल्म में दो बार रखा गया था। एक बार लता मंगेशकर की आवाज में सोलो सॉन्ग और दूसरी बार मोहम्मद रफी-सुमन कल्याणपुर का ड्यूट सॉन्ग। यह चौथा मौका था जब एक ही धुन पर कोई गाना बना।

### तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है...

1954 में 'चांदनी चौक' में इस धुन का इस्तेमाल करके फिर से एक गाना बनाया गया। 'चांदनी चौक' का डायरेक्शन बीआर चोपड़ा ने किया था। फिल्म में मीना कुमारी लीड रोल में थी। म्यूजिक रोशन ने दिया था। उन्होंने एसडी बर्मन की धुन में थोड़ा सा फेरबदल करके म्यूजिक कंपोज किया। गाने को आवाज आशा भोसले ने दी थी। गाने के बोल थे : 'तेरा दिल कहां है, सब कुछ यहां है।' इस गाने की शुरुआती धुन 'ठंडी हवाएं, लहराके आएं...' से ही प्रेरित थी।

### यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने

तीसरी बार इसी धुन पर एक सॉन्ग 1964 में आई फिल्म 'आपकी परछाइयां' में सुनाई दी। फिल्म में धर्मेंद्र, शशिकला, ओम प्रकाश और सुप्रिया चौधरी नजर आए थे। मोहन कुमार ने फिल्म का डायरेक्शन किया था। म्यूजिक मदन मोहन ने दिया था। इस फिल्म का एक गाना 'यही है तमन्ना, तेरे घर के सामने, मेरी जान जाए, मेरी जान जाए....' नौजवान मूवी के सॉन्ग से ही प्रेरित था। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी थी।

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राहौद स्वास्थ्य शिविर में लोगों का हुआ परीक्षण



**राहौद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय उमा विद्यालय राहौद प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राहौद के प्रभारी दिनेश दिनकर के सहयोग से उनकी टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जाँच, ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, वजन एवं हीमोग्लोबिन सहित अन्य रक्त संबंधी जांच की गई। शिविर के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने तथा समय-समय पर जांच कराने के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया गया। विद्यालय परिवार एवं स्थानीय नागरिकों ने इस शिविर का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के सेवा पखवाड़ा योजना को जनकल्याणकारी बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत राहौद के अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा कश्यप मुख्य नगर पालिका अधिकारी भगवती ध्रुव ,संस्था के प्राचार्य पी.एल कौशिक, उपाध्यक्ष गयाराम चंदेल सभापति अमित अनंत पार्षद राजेश यादव, नर्सिंग गोंड, विमल मनहर, धरम, सतीश यादव,राजू, गंगाराम एवं नगर के गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

### स्वच्छता पखवाड़ा : बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव के दिए टिप्स



**राहौद।** स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत शा उ मा वि राहौद में 24 सितंबर को हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। स्कूल प्राचार्य पी एल कौशिक की अध्यक्षता में हाथ धुलाई कार्यक्रम का आयोजन तिमाही परीक्षोपरान्त किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को मौसमी बैक्टिरियल बिमारीओ एवं उनसे बचने के उपाय बताए गए साथ हाथ धुलाई की विधि बताया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा कश्यप, उपाध्यक्ष गया राम चंदेल,राजेश यादव पार्षद, नरसिंह गोंड पार्षद,अमित अनंत पार्षद विमल मनहर बी पी ध्रुव मुख्य नगर पालिका अधिकारी डां दिनेश दिनकर पी एल कौशिक प्राचार्य उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त व्याख्याता का हुआ सम्मान

**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत संकुल स्त्रोत केंद्र बिर्रा में भूतपूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षक सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जन्म जयंती पर 24 सितंबर दिन बुधवार को संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त व्याख्याता मनोज कुमार तिवारी का तिलक वंदन के साथ पुष्पहार एवं साल और श्रीफल से सम्मानित किया गया है।

### पीएम जवाहर नवोदय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

**हसौद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सक्ती के कक्षा छठवीं के 81 छात्र-छात्राओं ने 6 अनुरक्षकों तथा विज्ञान शिक्षक श्री केके पटेल एवं हिंदी शिक्षिका वर्षा सिंह के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कानन पेंडारी चिड़ियाघर, एनर्जी पार्क बिलासपुर तथा शिवरीनारायण का भ्रमण किया। कानन पेंडारी में विद्यार्थियों ने बाघ, शेर, हिरण, हिप्पोपोटामस, मगरमच्छ, मयूर और सांपों की विभिन्न प्रजातियां देखीं। यहां सामूहिक रूप से भोजन भी किया गया। इसके बाद टीम एनर्जी पार्क पहुंची, जहां एक्वेरियम, म्यूजिकल फाउंटेन और झूलों ने बच्चों का मनोरंजन किया। यात्रा के दौरान बस में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। अंत में शिवरीनारायण होते हुए सभी सुरक्षित विद्यालय लौटे।

## कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

# ओबीसी वर्ग की योजनाओं में अधिक सहभागिता सुनिश्चित करना आयोग का लक्ष्य : विश्वकर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश जारी करते राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष।

ओबीसी वर्ग की योजनाओं में अधिक सहभागिता सुनिश्चित करना आयोग का प्रमुख लक्ष्य है। पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष ने जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर कार्य को पूर्ण करने निर्देशित किए।

बुधवार 24 सितंबर को छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष, केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त आईएएस (सेवानिवृत्त) आर.एस. विश्वकर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान आयोग के सदस्य नीलांबर नायक, बलदाऊ राम साहू, हरिशंकर यादव, यशवंत सिंह वर्मा, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, वनमंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने आयोग के गठन की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आयोग का उद्देश्य अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा विभिन्न योजनाओं में ओबीसी वर्ग की सहभागिता बढ़ाना, अब तक योजनाओं से वंचित जातियों की पहचान करना तथा उनके हित में ठोस कदम उठाना प्राथमिकता है। उन्होने अन्य पिछड़ा वर्ग के समाजिक एवं आर्थिक सर्वे की पंचायतवार विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों आदिवासी विकास, समाज कल्याण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, पशुधन, मछली पालन, श्रम, शिक्षा, ग्रामोद्योग, रेशम तथा सांख्यिकी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इस दौरान अध्यक्ष ने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल और अन्य गतिविधियों से जोड़ने, स्कूलों में सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्यों ने जाति प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही कठिनाइयों, क्रीमीलेयर और नॉन क्रीमीलेयर की स्थिति पर चर्चा करते हुए इसे दूर करने के लिए प्रशासनिक पहल करने पर बल दिया। साथ ही विद्यार्थियों हेतु छात्रावास भवन की मांग को भी प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में जिले के शहरी व ग्रामीण इलाकों में हुए ओबीसी सर्वे की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा क्वांटीफाएबल डाटा तैयार किया जा रहा है और शासन की योजनाओं का लाभ ओबीसी वर्ग तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों का पूरी गंभीरता से पालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा विभिन्न योजनाओं में ओबीसी वर्ग की सहभागिता बढ़ाना, अब तक योजनाओं से वंचित जातियों की पहचान करना तथा उनके हित में ठोस कदम उठाना प्राथमिकता है। उन्होने अन्य पिछड़ा वर्ग के समाजिक एवं आर्थिक सर्वे की पंचायतवार विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने स्वामी विवेकानंद उद्यान का किया निरीक्षण

## उद्यान के जीर्णोद्धार की कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश



विवेकानंद उद्यान का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर के गौरव पथ स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान एवं रामबांधा तालाब क्षेत्र का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मंगलवार 23 सितंबर को निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान सम्बंधित अधिकारियों को उद्यान की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, पार्षदगण सहित अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि रामबांधा तालाब से जलकुंभी को शीघ्र हटाकर उसका वैज्ञानिक निस्तारण किया जाए, जिससे पानी की स्वच्छता और गहराई बनी रहे। इसके साथ ही स्वामी विवेकानंद उद्यान में नियमित घास कटाई, वृक्षारोपण, आकर्षक पौधों का रोपण, वॉकिंग ट्रैक की मरम्मत तथा ओपन जिम उपकरणों की देखरेख करने के निर्देश दिए।उनके द्वारा तालाब किनारे लाइटिंग, बेंच और शेड लगाने पर भी जोर दिया गया, ताकि नागरिकों को सुविधा मिल सके। वहीं पार्क में कचरा प्रबंधन हेतु अलग-अलग डस्टबिन लगाए जाएंगे और स्वच्छता एवं हरियाली बनाए रखने का अभियान चलाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि गार्डन और तालाब का सौंदर्यकरण नगर की पहचान बनेगा और यह नागरिकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा। उन्होंने चांपा शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के सम्बन्ध में सीएमओ चांपा को आवश्यक निर्देश दिए। चांपा शहर के भालेराय मैदान स्थित स्वर्गीय जीवनलाल साव सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक प्रस्ताव, मरम्मत के सम्बन्ध में निर्देश दिए।

# आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने साराडीह बैराज दरहाघाट चंद्रपुर में मॉक एक्सरसाइज आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भारत सरकार, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन गुरूवार विभाग जिला सक्ती के संयुक्त तत्वावधान में 25 सितंबर सुबह 10 बजे तहसील डभरा अंतर्गत साराडीह बैराज और तहसील चंद्रपुर अंतर्गत ग्राम दरहाघाट में बाढ़ आपदा पर मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जाएंगी।

यह मॉक एक्सरसाइज आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान जिले व क्षेत्र के नागरिकों को अभ्यास के दौरान शांति बनाये रखने एवं किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है। सभी से अपील की गई है कि अफवाहों से बचे और दूसरो को सही जानकारी प्रदान करें और इस महत्वपूर्ण मॉक एक्सरसाइज में प्रशासन का पूरा सहयोग करें। कलेक्टर ने मॉक एक्सरसाइज के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए नियुक्त किए नोडल अधिकारी कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने 25 सितंबर को सक्ती जिले के साराडीह बैराज और दरहाघाट चंद्रपुर में मॉक एक्सरसाइ के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए नोडल अधिकारी के रूप में जिला स्तर पर अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा को जिला के लिए इंसिडेंट कमांडर और सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अनुभाग के लिए इंसिडेंट कमांडर नियुक्त किया है।

साथ ही कलेक्टर तोपनों द्वारा जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना, पुलिस विभाग, प्रभारी अधिकारी राष्ट्रीय आपदा रिस्पॉन्स बल, राजस्व विभाग, औद्योगिक सुरक्षा विभाग सहित अन्य सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री विनय कश्यप द्वारा आज ग्राम दरहाघाट, चंद्रपुर पहुंचकर मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों का जायजा लिया गया।

# भारी वाहन चलने से सड़कों का निकल रहा कचूमर, राहगीर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह





मार्ग पर बने बडे गड गड्ढे।

जिले में सिवनी सुखरीकला सड़क मार्ग पर दिन रात क्षमता से बहुत अधिक नियम विरुद्ध भारी वाहनों के चलने से सड़क की जान निकल गई है। इस सड़क मार्ग पर आवागमन करना आसान नहीं है।

इस मार्ग की चौड़ीकरण तथा क्षमता से अधिक नियम विरुद्ध भारी वाहनों पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग क्रो लेकर क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रीय विधायक, सांसद व कलेक्टर के जनदर्शन में कई बार शिकायत कर चुके हैं। वहीं ग्रामीणों ने सुशासन तिहार में भी इस सम्बन्ध में शिकायत कर चुके हैं। उसके बाद भी न तो इस मार्ग का चौड़ी करण किया गया और न ही दिन रात क्षमता से अधिक नियम विरुद्ध चलने वाली भारी वाहनों पर प्रतिबन्ध लगाई गई। ऐसे क्षेत्र के परेशान ग्रामीण अब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जन दर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचने का फैसला किया है।

### कभी भी सड़क पर उत्तर सकते हैं क्षेत्र के हजारों ग्रामीण

सिवनी सुखरीकला सड़क मार्ग की हालत बद से बदतर हो गई है। इस समय यह सड़क पूरी तरह से सत्यानाश हो गया है। इस सड़क मार्ग पर ग्रामीणों का पैदल चलना भी दुभर हो गई है। सड़क पूरी तरह उखड़ गई है और बड़े बड़े गड्ढों में अर्थात पोखरो में तब्दील हो चुकी है। क्षेत्र के ग्रामीणों के अलावा स्कूली बच्चों क्रो आवागमन में भारी दिक्क़तो का सामना करना पड़ रहा है। समय रहते यदि जर्जर सड़क मार्ग की मरम्मत और भारी वाहनों पर प्रतिबन्ध नहीं लगाने की स्थिति में परेशान क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में कभी भी शासन प्रशासन के विरोध में सड़क पर उतर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर सिवनी समेत बहेराडीह, बालपुर, सुखरीकला, सुखरी खुर्द, जाटा, बघोदा, अमरुआ, देवरी समेत दर्जनों गावों के लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। क्षेत्र के ग्रामीणों क्रो आवागमन में भारी दिक्क़तो का सामना करना पड़ रहा है।

# प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी ने केशरवानी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



अश्वनी केशरवानी को सम्मानित करते अतिथि।

प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी और पंडित अमृतलाल दुबे जयंती समारोह के संयुक्त आयोजन और भाषाविद पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग और कुलपति थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार डॉ विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य तथा सनत तिवारी वरिष्ठ साहित्यकार के विशिष्ट अस्थिरता में प्रो अश्विनी केशरवानी को उनकी पाँच दशक की साहित्यिक साधना के लिए शाल, श्रीफल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके हुई। तत्पश्चात रामनिहोरा राजपूत द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुआ । डॉक्टर विवेक तिवारी के अकादमी की गतिविधियों की जानकारी देते हुए अनेक साहित्यकारों को सम्मानित किए जाने की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉक्टर विनय कुमार पाठक ने अपने संबोधन में प्रो केशरवानी के पाँच दशक की साहित्य साधना का उल्लेख करते हुए अपनी शोध रचनाओं का प्रकाशन होना चाहिए ।इसके लिए उन्हें शुभकामनाएं भी दी। प्रो अश्विनी केशरवानी ने अपने उद्बोधन में अपने शोध कार्यो की जानकारी देते हुए बताया की उन्हें चित्रोत्पला गंगा - महानदी का संस्कार और भगवान शबरी नारायण का आशीर्वाद से ही यह संभव हुआ । विज्ञान के विद्यार्थी होने के बावजूद उनकी प्रदेश के इतिहास , पुरातत्व , परंपरा के साथ साहित्य पर गहरी रुचि है । कदाचित इसी कारण उनकी अन्याय विधाओं में राष्ट्रीय पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई है। अब तक उनकी आठ पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राघवेंद्र दुबे और आभार प्रदर्शन डॉक्टर विवेक तिवारी ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर महेंद्र दुबे, सनत तिवारी , राजेश सोनार, श्रीमती कल्याणी केशरवानी, श्रीमती सरस्वती सोनी, रामनिहोर राजपूत ,शीतल प्रसाद पटनवार, शत्रुघन जैसवानी सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित थे। कार्यक्रम में महेंद्र दुबे, विवेक तिवारी ने अमृतलाल दुबे स्मृति स्मारिका और राघवेंद्र दुबे और राजेश सोनार ने अपनी कृतियाँ भेंट की ।

# फर्जी बैंक मामले में फरार एक और आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

फर्जी बैंक छपोरा मामले में फरार एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में 3 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जीवराखन कावड़े एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा का रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी पंकज, रेखा साहू, मन्दिरदास, अनिल भास्कर, सुभद्रा महंत एवं अन्य के द्वारा मालखरोदा ब्लॉक के ग्राम छपोरा में फर्जी एसबीआई बैंक खोल कर 6 व्यक्तियों कों फर्जी न्युक्ति प्रमाण पत्र देकर फर्जी बैंक चला रहा है। रिपोर्ट पर उपरोक्त अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया , दौरान विवेचना आरोपी (१) अनिल भास्कर पिता रामभरोसे उम्र 40 साल, ग्राम दुमहानी थाना बिलाईगढ़, जिला सारंगगढ़ बिलाईगढ़ को 4 अक्टूबर को गिरफ्तार, नरेन्द्र साहू पिता रामाधार साहू उम्र 30 साल ग्राम कुंवामालगी थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को 23 अक्टूबर को व हीरा दिवाकर उर्फ कुणाल दिवाकर पिता पारस राम उम्र 31 वर्ष ग्राम तालदेवरी थाना बिर्रा को 28 मार्च को गिरफ़्तार कर रिमांड में भेजा जा चुका है, प्रकरण में शेष फरार आरोपियों के विरुद्ध धारा 193(8) बीएनएसएस के तहत अभियोग पत्र न्यायालय पेश किया गया है। मामले में फरार आरोपी टुकेश्वर दास महंत से पूछताछ की गई। जिस पर आरोपी को 23 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### रेलवे फाटक हर 10 मिनट में बंद, समस्या से लोग परेशान

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। ब्रिज बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि लोगों को आवागमन













